# संचालनालय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण

ब्लॉक–2, तृतीय तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
(Telephone-0771-2511974, mail id- dirfood.cg@gov.in, website- https://fcs.cg.gov.in/)

क्रमांक 125/संचा.–वि.स./2025 नवा रायपुर, दिनांक 01/07/2025

प्रति,

**सचिव,**
छत्तीसगढ़ शासन,
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप. संर. विभाग,
महानदी भवन मंत्रालय, नवा रायपुर

विषय– **विधानसभा प्रश्न क्रमांक 916 तारांकित द्वारा डॉ. चरण दास महंत, सदस्य विधानसभा की जानकारी अग्राहय/संशोधन कराने के संबंध में।**

कृपया विषयांतर्गत विधानसभा प्रश्न क्रमांक 916 तारांकित द्वारा डॉ चरण दास महंत, सदस्य विधानसभा में पूछे गये प्रश्न के प्रश्नांश ''क'', ''ख'' एवं ''ग'' में खरीफ विपणन वर्ष 2024–25 में उपार्जित धान का निराकरण के संबंध में जानकारी चाही गई है, जो जानकारी अंत्यत विस्तृत होगी। विधानसभा प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियम के अध्याय 7 कंडिका 36 (16) में प्रावधान है कि उसमें ऐसे नीति के प्रश्न नहीं उठाये जायेंगे जो इतनी विस्तीर्ण हो की प्रश्न उत्तर की सीमा के भीतर न आ सके।

अतः उपरोक्त विधानसभा प्रश्न के प्रश्नांश ''क'', ''ख'' एवं ''ग'' को अग्राह्य/संशोधन कराने का कष्ट करें।

**संलग्न–उपरोक्तानुसार**
**(संचालक द्वारा अनुमोदित)**

01/07/25

**अपर संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर.
संचालनालय, नया रायपुर

# छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय

## प्रश्न

उत्तर भेजने का अन्तिम दिनांक : **11/07/2025**

वर्ग : 5 सदन में उत्तर देने का दिनांक : **18/07/2025** विभाग का नाम : **खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण**

विषय : **खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में उपार्जित धान का निराकरण**

( **तारांकित** प्रश्न क्रमांक : **916** ) **डॉ.चरण दास महंत**

क्या **खाद्य मंत्री** महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि -

(क) खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान की मात्रा कितनी है? इस धान का निराकरण इन मदों के अनुसार बताइए- केन्द्रीय पूल का चावल, राज्य पूल का चावल, नीलामी के माध्यम से विक्रय हेतु निर्धारित, उपार्जन केन्द्रों में कमी, संग्रहण केन्द्रों में कमी तथा शेष? (ख) धान के समर्थन मूल्य में कृषि उन्नति योजना, मंडी शुल्क, कमीशन, बारदाना, ब्याज आदि समस्त मदों की राशि को जोड़कर धान की लागत माह जून, 2025 की स्थिति में कितनी आएगी? (ग) नीलामी के माध्यम से विक्रय करने की प्रक्रिया में कितने धान के क्रय का प्रस्ताव प्राप्त हुआ, कितनी मात्रा के लिए राशि प्राप्त हुई, कितनी मात्रा का उठाव हुआ तथा किस-किस स्थान पर कितना-कितना धान शेष है? शेष धान का निराकरण किस प्रकार किया जाएगा? प्रति क्विंटल कितनी हानि संभावित है?

**Sent From :** vidhan | **Sent Date :** 01/07/2025 11:26:02 |

**Remark :**